Title: Demanded not to introduce the uniform sales tax law in the country.

श्री मदन लाल खुराना : उपाध्यक्ष जी, १ जनवरी, २००० से देश भर में एक समान सेल्स टैक्स लागू होने से दिल्ली का व्यापार चौपट होने के बारे में मैंने सूचना दी है। राज्य सरकारें दिनांक १ जनवरी, २००० से बिक्री कर की एक समान बुनियादी दरों को लागू करने के लिए सहमत हो गई हैं।

इस संबंध में बिक्री कर अध्यादेश फिर से लागू करना चाहते हैं।

... (व्यवधान)

दिल्ली की यह विशेषता रही है कि यह वितरण केन्द्र रहा है। अनेक वस्तुएं दिल्ली में तमाम राज्यों से आती हैं और ७५ फीसदी चीजें अन्य राज्यों में चली जाती हैं।

... (व्यवधान)

यदि एक समान बिक्री कर लागू किया गया तो दिल्ली का व्यापार बिल्कुल चौपट हो जाएगा और लाखों लोग बेरोजगार हो जाएंगे।

... (व्यवधान)

हमको ७० से ८० प्रतिशत आय सेल्स टैक्स से होती है।

... (व्यवधान)

यदि एक समान बिक्री कर हो गया तो आमदनी काफी कम हो जाएगी। इसलिए मेरा कहना है कि इस बारे में पुनः विचार किया जाए और एक समान सेल्स टैक्स न लागू किया जाए। दिल्ली को बचाया जाए। यह ऐंटी दिल्ली होगा।

... (व्यवधान)